University of Lucknow लखनऊ विश्वविद्यालय | 100 Years Centennial Celebrations शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ..........................................

दिनांक..........................................

सेवा मे

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/इंचार्ज,**
2. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई)**

लखनऊ विश्वविद्यालय,

लखनऊ।

**विषयः–आनंदी मां–एक जीवन बचाओ' एवं 'कैंसर मुक्त भारत यात्रा' के सहयोग से प्रदेश व्यापी जन आंदोलन के रूप में संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्नक कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–3952,3914/32–जी.सी./2026, दिनांक 08 जुलाई, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **'आनंदी मां–एक जीवन बचाओ' एवं 'कैंसर मुक्त भारत यात्रा'** के सहयोग से प्रदेश व्यापी जन आंदोलन के रूप में संचालित किए जाने तथा समस्त विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों को दिनांक 10 मई, 2026 से 15 अगस्त, 2026 तक इस अभियान से जोड़ने हेतु निर्देश प्रदान किए जाने विषयक डॉ. सुमेधा नीलू त्रिवेदी, संस्थापिका अध्यक्ष एवं संयोजक स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन, आशियाना, लखनऊ के संलग्न दिनांक रहित पत्र पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः जनभवन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई) को इस आशय से पत्र प्रेषित है कि **'आनंदी मां–एक जीवन बचाओ' एवं 'कैंसर मुक्त भारत यात्रा'** के सहयोग से महाविद्यालय स्तर से उक्त जन आंदोलन को संचालित किये जाने हेतु अपने–अपने महाविद्यालय में नोडल अधिकारी नामित करने का कष्ट करें तथा विश्वविद्यालय स्तर से उक्त जन आंदोलन को संचालित किए जाने की अनुमति प्रदान करने तथा दिनांक 10 मई, 2026 से 15 अगस्त, 2026 तक उक्त अभियान से जोड़े जाने हेतु विश्वविद्यालय से डॉ0 इशदीप कौर भण्डारी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, मानव विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नोडल अधिकारी को नामित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

डॉ0 ईशदीप कौर का ई–मेल आई0डी0 kaur_ishdeep@lkouniv.ac.in एवं मोबाइल नं0 8960677516 है।

भवदीय

**संलग्नक : यथोपरि।**

(डा0 भावना मिश्रा)

**कुलसचिव**

**संख्या–** GA–14250–52 **दिनांक–** 29.07.26

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. डॉ0 इशदीप कौर भण्डारी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, मानव विज्ञान विभाग को इस जनभवन का पत्र संलग्न कर आशय से प्रेषित कि पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा कृत कार्यवाही की सूचना से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–3952,3914/32–जी.सी./2026, दिनांक 08 जुलाई, 2026 के क्रम में सूचनार्थ।
4. इंचार्ज वेबासाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

**कुलसचिव**

GAC-I 26

ई–मेल द्वारा/स्पीड पोस्ट

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ–226027**

संख्या:ई–3952,3914/32–जी.एस./2026

दिनांक: 08 जुलाई, 2026

प्रेषक:

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के**
**विशेष कार्याधिकारी**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर)**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव,
   उच्च शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. कुलपति/निदेशक,
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
   उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक,
   उच्च शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन।

महोदय/महोदया,

कृपया "आनंदी मां–एक जीवन बचाओ" एवं "कैंसर मुक्त भारत यात्रा" के सहयोग से प्रदेश व्यापी जन आंदोलन के रूप में संचालित किए जाने तथा समस्त विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों को दिनांक 10 मई, 2026 से 15 अगस्त, 2026 तक इस अभियान से जोड़ने हेतु निर्देश प्रदान किए जाने विषयक डॉ. सुमेधा नीलू त्रिवेदी, संस्थापिका अध्यक्ष एवं संयोजक स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन, आशियाना, लखनऊ के संलग्न दिनांक रहित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

संलग्नक:यथोपरि।

प्रतिलिपि डॉ. सुमेधा नीलू त्रिवेदी, संस्थापिका अध्यक्ष एवं संयोजक स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन, आशियाना, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ. पंकज एल. जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

Neeraj
Manisha
27/07/2026

# STREE WELFARE FOUNDATION

187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog


**पत्रांक:** SWF/AM/MP/2026/0025 **दिनांक:** 15/07/2026

**ज्ञापन / अनुरोध पत्र**

**सेवा में,**

**प्राचार्य / निदेशक महोदय / महोदया**

**विषय: उत्तर प्रदेश में "आनंदी माँ – एक जीवन बचाओ अभियान" एवं "कैंसर मुक्त भारत यात्रा" के अंतर्गत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में।**

**महोदय / महोदया,**

सादर निवेदन है कि उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल आदरणीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में **"आनंदी माँ – एक जीवन बचाओ अभियान"** तथा **"कैंसर मुक्त भारत यात्रा"** का जन-जागरूकता अभियान प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को **सर्वाइकल (HPV) वायरस से होने वाले कैंसर, स्तन कैंसर, मुख कैंसर एवं HPV टीकाकरण** के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच एवं रोकथाम के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करना है।

राजभवन, उत्तर प्रदेश द्वारा भी प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को इस जनहितकारी अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किए गए हैं। इसी क्रम में **स्त्री वेल्फेयर फाउंडेशन** आपके प्रतिष्ठित संस्थान से इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का विनम्र अनुरोध करता है।

आपके संस्थान में विशेषज्ञों द्वारा निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं—

- कैंसर एवं HPV जागरूकता व्याख्यान
- (HPV) टीकाकरण रजिस्ट्रेशन।
- जागरूकता रैली
- स्वास्थ्य संवाद

# STREE WELFARE FOUNDATION

187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog



- कैंसर से बचाव एवं समय पर जांच की जानकारी
- स्वस्थ जीवनशैली पर मार्गदर्शन
- विद्यार्थियों की स्वास्थ्य शपथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
- आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग शिविर

यह अभियान पूर्णतः जनहित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से संचालित किया जा रहा है। हमें विश्वास है कि आपके संस्थान की सहभागिता से हजारों विद्यार्थी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे तथा **"कैंसर मुक्त भारत"** के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया अपने संस्थान में इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु सुविधानुसार तिथि एवं समय निर्धारित करने का कष्ट करें, एवं संस्थान को अवगत कराएं। जिससे हमारी टीम आपके संस्थान में उपस्थित होकर कार्यक्रम का सफल आयोजन कर सकें।

**सधन्यवाद।**

**भवदीया,**




**सुमिदा त्रिवेदी**
**चेयरपर्सन**
**स्त्री वेल्फेयर फाउंडेशन**
**लखनऊ**

**आनंदी माँ – एक जीवन बचाओ अभियान**
**कैंसर मुक्त भारत यात्रा**


**मो.:** 7318501516 / 9076851516
**ईमेल:** streewelfarefoundation@gmail.com
**ईमेल:** swfanandima@gmail.com
**वेबसाइट:** swfindia.org / thewwf.org



NITI Aayog
स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन
द्वारा संचालित
आनंदी मां- एक जीवन बचाओ अभियान
(कैंसर मुक्त भारत यात्रा) 2026-27
संरक्षक एवं प्रेरणा स्रोत
महामहिम आनंदीबेन पटेल जी
राज्यपाल उत्तर प्रदेश
(HPV) जागरूकता सेमिनार
प्रदेश व्यापी अभियान
सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा
जागरूकता ही बचाव है
एचपीवी वैक्सीन जीवन रक्षक है
HPV वैक्सीन
बनाए सुरक्षित भविष्य
9 से 26 वर्ष की आयु की किशोरियाँ एवं युवतियां जरूर लगवाएं HPV वैक्सीन
thewwf.org/swfindia.org
streewelfarefoundation@gmail.com
7318501516/9076851516
अभियान से जुड़ने के लिए स्कैन करें।
कैंसर मुक्त भारत
हमारा लक्ष्य

STREE WELFARE FOUNDATION
187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog

पत्रांक : ____________ दिनांक : ____________

# स्त्री वेलफेयर फाउण्डेशन, लखनऊ

(पंजीकृत सामाजिक संस्था)

## राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

(कुलाधिपति कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में)

## विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों हेतु दिशा-निर्देश (Guidelines)

## "आनंदी माँ – एक जीवन बचाओ"

एवं

## "कैंसर मुक्त भारत यात्रा"

(शून्य बजट जन-जागरूकता अभियान)

**संदर्भ :**

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश (कुलाधिपति कार्यालय)
पत्रांक : 3952/3914/32-जी.एस./2026
दिनांक : 08 जुलाई, 2026

### प्रस्तावना

भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर एवं स्तन कैंसर तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियाँ हैं। इनकी रोकथाम केवल समय पर जांच (Screening), HPV टीकाकरण (HPV Vaccination) तथा व्यापक जन-जागरूकता के माध्यम से ही प्रभावी रूप से संभव है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु स्त्री वेलफेयर फाउण्डेशन, लखनऊ द्वारा "आनंदी माँ – एक जीवन बचाओ" एवं "कैंसर मुक्त भारत यात्रा" अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय, मेडिकल विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान एवं शिक्षण संस्थानों तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुँचाना तथा छात्राओं, महिला शिक्षकों एवं कर्मचारियों सहित समाज की प्रत्येक महिला को HPV टीकाकरण, सर्वाइकल कैंसर की समय पर जांच, स्तन कैंसर की प्रारम्भिक पहचान एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

यह अभियान पूर्णतः शून्य बजट (Zero Budget Model) पर संचालित किया जाएगा तथा किसी भी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय अथवा शिक्षण संस्था से किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग, शुल्क, चंदा अथवा वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं की जाएगी। अभियान का संचालन सामाजिक सहभागिता, स्वयंसेवी सहयोग तथा उपलब्ध संस्थागत संसाधनों के माध्यम से किया जाएगा।

अभियान का उद्देश्य केवल जन-जागरूकता, स्वास्थ्य शिक्षा, समय पर जांच के प्रति प्रेरणा तथा "एक जीवन बचाओ" के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है, जिससे उत्तर प्रदेश को कैंसर जागरूक एवं स्वस्थ प्रदेश बनाने की दिशा में सार्थक योगदान दिया जा सके।

Scanned with OKEN Scanner

## 1. विश्वविद्यालय स्तरीय नोडल अधिकारी / समन्वयक

**प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान—**

- एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा।
- कार्यक्रमों की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार करेगा।
- संस्था से समन्वय स्थापित करेगा।
- कार्यक्रम का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएगा।

**नोडल अधिकारी की जिम्मेदारियाँ**

❖ कार्यक्रम का आयोजन

❖ वक्ताओं से समन्वय

❖ प्रतिभागियों की सूची

❖ मीडिया समन्वय

❖ रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ भेजना

## 2. कार्यक्रम की रूपरेखा

**प्रत्येक विश्वविद्यालय—**

- वार्षिक अथवा मासिक कार्यक्रम संस्था को भेजे।
- कार्यक्रम की तिथि कम से कम 03 दिन पूर्व उपलब्ध कराए।
- संस्था आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक, कैंसर विशेषज्ञ, शिक्षाविद् एवं प्रेरक वक्ता उपलब्ध कराएगी।

## 3. शून्य बजट मॉडल

**इस अभियान की प्रमुख विशेषताएँ—**

☑ कोई शुल्क नहीं

☑ कोई मानदेय नहीं

☑ कोई आर्थिक सहयोग नहीं

☑ विश्वविद्यालय अपने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करेंगे।

☑ संस्था केवल विशेषज्ञ, सामग्री एवं समन्वय उपलब्ध कराएगी।

Scanned with OKEN Scanner

# 4. कार्यक्रमों का स्वरूप

## निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं—

(1) सर्वाइकल कैंसर जागरूकता व्याख्यान

(2) स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

(3) HPV वैक्सीन पर विशेषज्ञ संवाद

(4) HPV Registration अभियान
प्रत्येक विश्वविद्यालय न्यूनतम 100 छात्राओं का पंजीकरण कराने का प्रयास करेगा।

(5) महिला स्वास्थ्य एवं पोषण

(6) मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता

(7) स्वास्थ्य शपथ

(8) पोस्टर प्रतियोगिता

(9) भाषण प्रतियोगिता

(10) निबंध प्रतियोगिता

(11) वाद-विवाद

(12) स्वास्थ्य परामर्श शिविर

(13) विशेषज्ञ संवाद

(14) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

(15) स्वास्थ्य प्रदर्शनी

**नोट - कम से कम दो कार्यक्रम और एक रैली जरूर निकालनी है।**

Scanned with OKEN Scann

# STREE WELFARE FOUNDATION

187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog


## 5. सहभागिता

निम्न की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी—

- छात्र-छात्राएँ
- शिक्षक
- शोधार्थी
- कर्मचारी
- NSS
- NCC
- रोवर्स-रेंजर्स
- युवा क्लब
- महिला प्रकोष्ठ
- स्थानीय चिकित्सक
- सामाजिक संगठन

## 6. प्रतिवेदन

प्रत्येक कार्यक्रम के उपरांत—

- प्रतिभागियों की संख्या
- फोटो
- समाचार पत्रों की कटिंग
- संक्षिप्त रिपोर्ट

संस्था को भेजी जाएगी।

## 7. संस्था की भूमिका

स्त्री वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा—

- विशेषज्ञ वक्ता उपलब्ध कराना
- चिकित्सकों का समन्वय
- जागरूकता सामग्री उपलब्ध कराना
- HPV पंजीकरण का समन्वय
- वैक्सीनेशन हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय
- विश्वविद्यालयों का मार्गदर्शन

Scanned with OKEN Scanner

**STREE WELFARE FOUNDATION**
187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog

## आनंदी मां - एक जीवन बचाओ अभियान एवं कैंसर मुक्त भारत यात्रा अभियान का उद्देश्य-

उत्तर-प्रदेश राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश को कैंसर मुक्त प्रदेश बनाना है।

**महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाना है।**

1- HPV (एचपीवी) टीकाकरण करवाना है।
2- समय पर समय पर जांच के लिए प्रेरित करना है।
3- स्वस्थ मासिक धर्म को अपनाना है।
4- प्रत्येक विद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों को स्वस्थ विद्यालय के रूप में विकसित करना है।
5- पूरे प्रदेश में **आनंदी मां - एक जीवन बचाओ कैंसर मुक्त भारत यात्रा** जन आंदोलन स्थापित करना है।
6- अधिक से अधिक संख्या में (HPV) एचपीवी टीकाकरण कराएं।

**पंजीकरण हेतु फॉर्म संलग्न है।**

नोट - समस्त कार्यक्रमों में दिए गए (आनंदी मां) के बैनर को इस्तेमाल करें, कार्यक्रमों की संख्या, कार्यक्रमों का विवरण, फोटो, समाचार पत्र की कटिंग, डिजिटल न्यूज़ के लिंक, संक्षिप्त रिपोर्ट के साथ नीचे दिए गई मेल आईडी पर भेजना अति आवश्यक है।

Email: **swf.am2026@gmail.com**
Email: **swfanandima@gmail.com**

**Mob.:** 7318501516 / 9076851516



STREE WELFARE FOUNDATION
187/35-A,Sector J,Ambika Vihar, Aashiyana- Lucknow, Uttar Pradesh, India
streewelfarefoundation@gmail.com/ swfindia.org- 226012
7318501516/9076851516-Regd. Under 12A ,80G , Niti Aayog

'आनंदी मां - एक जीवन बचाओ' अभियान कैंसर मुक्त भारत यात्रा

HPV-टीकाकरण करवाने हेतु अभिभावक सहमति पत्र

नोट:

कृपया इस सहमति पत्र का उपयोग तभी किया जाए, जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वैध टीकाकरण कार्ड की अनिवार्यता हो।

*(यह सहमति पत्र केवल टीकाकरण की अनुमति हेतु है। टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग/अधिकृत चिकित्सा विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।)*

**एचपीवी (HPV) टीकाकरण से किन बीमारियों से बचाव होता है?**

एचपीवी अर्थात् **ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (Human Papillomavirus - HPV)** से होने वाली बीमारियों से बचाव में मदद करती है, जैसे—

- गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (Cervical Cancer)
- योनि कैंसर (Vaginal Cancer)
- वल्वा कैंसर (Vulvar Cancer)
- गुदा कैंसर (Anal Cancer)
- मुंह एवं गले के कुछ कैंसर (Oropharyngeal Cancer)
- जननांग मस्से (Genital Warts)

---

मैं माता-पिता / अभिभावक श्री/श्रीमती ____________________

निवासी ____________________

अपनी पुत्री/बालिका ____________________
(छात्रा का नाम)

आयु ____________ वर्ष, कक्षा/विभाग ____________________

विद्यालय/महाविद्यालय ____________________

शाखा ____________________

मोबाइल नंबर ____________________

---

मैं एचपीवी (Human Papillomavirus) टीकाकरण करवाने हेतु अपनी स्वेच्छा एवं पूर्ण जानकारी समझकर/समझती हूँ।

**घोषणापत्र के लिए सहमति:**

एचपीवी टीका संबंधी सभी संभावित लाभ एवं एचपीवी संक्रमण और उससे जुड़े कैंसर के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई है।

मुझे जानकारी दी गई है कि एचपीवी टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (Cervical Cancer) की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार इसे लिए जाने की अनुशंसा की जाती है।

मैं टीकाकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर ली है तथा अपनी पुत्री/बालिका का इस टीकाकरण के लिए स्वेच्छापूर्वक सहमति देता/देती हूँ।

---


**केंद्र प्रभारी ह0** ________ **ह0 वेरीफायर** ________ **ह० अभिभावक** ________

नोट:

कृपया इस सहमति पत्र का उपयोग तभी किया जाए, जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वैध टीकाकरण कार्ड की अनिवार्यता हो।




# <u>सर्विकल कैंसर और</u>
# <u>टीकाकरण द्वारा इसका बचाव</u>



# सर्विकल कैंसर सर्विक्स का कैंसर है

- सर्वाइकल कैंसर, जिसे गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर भी कहते हैं, महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (जो योनि को गर्भाशय से जोड़ता है) में कोशिकाओं के असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ने से होने वाला कैंसर है. यह मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) संक्रमण के कारण होता है.



# यह रोग कितना व्यापक है?

- भारत वर्ष में हर साल :
  - **1,23,907** सर्विकल कैंसर ग्रस्त महिलाओं की पहचान होती है
  - और इनमे से हर साल **77,348** महिलाओं की मौत  हो जाती है

| |
|---|
| सर्वाइकल कैंसर, जिसे ग्रीवा कैंसर भी कहा जाता है, महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो ब्रेस्ट कैंसर के बाद सबसे अधिक होने वाला कैंसर है |

Ferlay J, *et al. GLOBOCAN 2002 Cancer Incidence, Mortality and Prevalence Worldwide*. IARC CancerBase; Lyon, 2004

# एचपीवी किस तरह से फैलता है?

- एचपीवी वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, जो यौन क्रिया के दौरान होता है.
- यह वायरस जननांग, गुदा और मुंह में भी रह सकता है.
- एचपीवी किसी भी प्रकार के यौन संपर्क के दौरान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जिसमें योनि, गुदा और मुख मैथुन शामिल हैं.

# रोग के लक्षण


- कैंसर से पहले के परिवर्तनों और शुरुआती सर्वाइकल कैंसर अक्सर कोई लक्षण उत्पन्न नहीं करते।

- सर्वाइकल कैंसर का पहला लक्षण आमतौर पर योनि से असामान्य रक्तस्राव होता है, जो अक्सर यौन क्रिया के बाद होता है। माहवारी के बीच स्पॉटिंग या भारी रक्तस्राव हो सकता है, या माहवारी असामान्य रूप से भारी हो सकती है। बड़े कैंसर से रक्तस्राव की संभावना अधिक होती है और योनि से दुर्गंधयुक्त स्राव और पेल्विक क्षेत्र में दर्द हो सकता है।

- यदि कैंसर व्यापक है, तो इससे पीठ के निचले हिस्से में दर्द और पैरों की सूजन हो सकती है। मूत्र पथ अवरुद्ध हो सकता है और इलाज के बिना किडनी फ़ेल हो सकती हैं।

# अन्य HPV-सबंधित कैंसर:

- गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के अलावा, HPV महिलाओं में योनि, वल्वा, और गुदा के कैंसर का भी कारण बन सकता है.
- इसके अलावा, HPV से ऑरोफरीन्जियल कैंसर (गले का कैंसर) और मुंह के कैंसर का भी खतरा होता है.



# HPV पुरुषों को भी संक्रमित कर सकता है

- एचपीवी (HPV) पुरुषों को भी संक्रमित कर सकता है।
- यह एक सामान्य यौन संचारित संक्रमण है जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित कर सकता है। एचपीवी का संचरण यौन संपर्क के माध्यम से होता है।
- एचपीवी पुरुषों में लिंग, गुदा, या ऑरोफरीन्जियल कैंसर (गले का कैंसर) और मुंह के कैंसर का कारण बन सकता है
- पुरुषों के लिए एचपीवी जांच की सिफारिश नहीं की जाती है

# खुशखबरी....

# महिलाओं और पुरुषों में HPV के कारण होने वाले कैंसर को HPV वैक्सीन से रोका जा सकता है

# एचपीवी वैक्सीन:

- ह्यूमन पेपिलोमावायरस, जिसे HPV भी कहा जाता है, यौन क्रियाकलापों से फैलता है।
- HPV के कुछ प्रकार (6, 11) जननांग मस्से का कारण बनते हैं।
- HPV के अन्य प्रकार (16, 18) कैंसर का कारण बन सकते हैं।
- ज़्यादातर मामलों में, शरीर HPV का पता लगाकर उसे हटा सकता है ।
- लेकिन अगर वायरस लंबे समय तक शरीर में रहता है, तो यह कैंसर का कारण बन सकता है।
- HPV के खिलाफ़ टीका लगवाने से पुरुषों और महिलाओं में कैंसर को रोकने में मदद मिलती है।

# एचपीवी वैक्सीन:

अब तक उपलब्ध HPV वैक्सीन आयातित थी और इसलिए बहुत महंगी थी। जिसके कारण भारत में टीकाकरण की दर बहुत कम थी

सर्वाविक सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित पहला स्वदेशी एचपीवी वैक्सीन है

# आज ही अपने डॉक्टर से सलाह लें!

## सभी कैंसरों को रोका नहीं जा सकता, लेकिन HPV के कारण होने वाले कैंसरों को रोका जा सकता है...आज ही अपना टीका लगवाएं

# यह टीका(वैक्सीन) कैसे दिया जाता है?
# क्या यह सुरक्षित है?

- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा तैयार qHPV वैक्सीन 9-26 वर्ष की आयु के लड़के-लड़कियों को दी जा सकती है
- 9-14 वर्ष: 6 महीने के भीतर 2 खुराक (0,6 months)
- 15-26 वर्ष: 6 महीने के भीतर 3 खुराक (0,2,6 months)

सर्ववैक को क्लिनिकल परीक्षणों में सुरक्षित और प्रभावी पाया गया